n style='mso-tab-count: 2'>

Title : Need to open Indian Institute of Information Technology and Indian Institute of Management in Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में एक इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ इन्फार्मेशन टैक्नोलॉजी की स्थापना जिला ऊना में किया जाना प्रस्तावित है। ऊना के उपायुक्त द्वारा अप मोहल सम-लैहड़ी में 132 एकड़ भूमि इस हेतु चिन्हित की जा चुकी है, जिसकी सूचना प्रदेश सरकार द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रेषित की जा चुकी है। अब उक्त संस्थान की स्थापना हेतु भारत सरकार की सैद्धांतिक स्वीकृति आनी शेष है।

महोदय, मेरा निवेदन है कि हिमाचल प्रदेश ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में देश के औसत के मुकाबले दुगना हाई एनरोलमेंट रेट प्राप्त कर लिया है। अतः वहां एक आई.आई.एम. की स्थापना किया जाना अनिवार्य हो गया है।

अतः मेरा आग्रह है कि उक्त दोनों संस्थानों की स्थापना हेतु तत्काल सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए सभी आवश्यक कार्रवाई शीघ्रातिशीघ्र की जाये।